सिविक एक्शन प्रोग्राम

(दिनाँक 31 अक्टूबर, 2019)

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर दिनांक 31/10/2019 को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आंतरिक सुरक्षा अकादमी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, आबू पर्वत ने भारतीय चिकित्सा असोशिएशन के सहयोग से सिविक एक्शन का कार्यक्रम गाँव सीतावन, आबू पर्वत में आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री के.एस. भण्डारी, निदेशक/महानिरीक्षक के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के लिए एक निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत आंतरिक सुरक्षा अकादमी के चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मो0 अकबर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ0 अपराजिता, महिला रोग विशेषज्ञ ,ग्लोबल हॉस्पिटल, माउंट आबु द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उनको आवश्यक दवाईयाँ उपलब्ध करवाई। इसके अलावा इस अवसर पर ग्रामीणों की पानी की समस्या से निपटने के लिए पानी की टंकी भेंट की गई तथा समाज के निर्धन व्यक्तियों, महिलाओ एवं बच्चों के लिए जीवन उपयोगी वस्तुएं जैसे साड़ी, सूट एवं पुरूषों के लिए पेन्ट-शर्ट के कपड़े वितरित किये गये। इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए श्री के.एस. भण्डारी, निदेशक/महानिरीक्षक ने कहा की हम देश की सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के लिए भी प्रतिबद्ध हैं, तथा उन्होंने इस कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग के लिए पालमी अग्रवाल धवन, डॉ0 अरूण शर्मा एवं डॉ0 अपराजिता, महिला रोग विशेषज्ञ, ग्लोबल हॉस्पिटल, माउंट आबु की प्रशंसा की एवं उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्री राकेश सिंह चौहान, पुलिस उप महानिरीक्षक (प्रशासन), श्री के0 थोमस जोब, पुलिस उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), एवं श्री के0के0 पाण्डेय, कमाण्डेंट (प्रशिक्षण) एवं अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, द्वारा ग्रामवासियों को पानी की टंकी तथा कपड़े वितरित किए गये ।

डॉ. मो. अकबर के., मु.चि.अ., तथा डॉ. अपराजिता, चिकित्सा जाँच करते हुए।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, द्वारा पॉलमी अग्रवाल धवन, तथा डॉ. अपराजिता, आईएमए को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते हुए ।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत, सिविक एक्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।